# बिहार विधान परिषद

**(200वां बजट सत्र)**

Short Notice Questions For Written Answers

## 28 फरवरी, 2022

----

**[कृषि - पथ निर्माण - ग्रामीण विकास - भवन निर्माण - ग्रामीण कार्य - पंचायती राज पशु एवं मत्स्य संसाधन ].**

Total Short Notice Question- 8

----

### प्रयोगशाला स्थापित कराने पर विचार

*1 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
कृया मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) कृया यह सही है कि अत्यधिक उर्वरक के प्रयोग से राज्य में मिट्टी की सेहत खराब हो रही है;

(ख) कृया यह सही है कि मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन योजना के अन्तर्गत पांच लाख की लागत से ग्राम स्तर पर मिट्टी जांच प्रयोगशाला स्थापना की जानी है;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य में 258 ग्राम स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला का लक्ष्य रखा गया था जबकि अभी तक मात्र 24 की ही स्थापना की जा सकी है जिसके चलते 31 मार्च 2021 तक साढ़े तीन लाख नमूनों की जांच के विरुद्ध अबतक 75208 नमूनों की ही जांच हो सकी है;

(घ) क्या यह सही है कि मिट्टी की जांच समय पर नहीं होने के कारण किसानों में असंतोष व्याप्त है जिसका असर खेती पर पड़ रहा है;

(ङ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लक्ष्य के अनुरूप मिट्टी जांच प्रयोगशाला स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## आवागमन चालू कराने के संबंध में

*2 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं.- 104 फतहपुर चौक से कहतरवा-धोबाही, मुंशी चौक होते हुए बासठपुर-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग तक की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग की सड़क है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर यातायात का काफी दबाव है किन्तु सड़क की चौड़ाई कम रहने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं एवं आम जनता को काफी कठिनाइयां हो रही हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क को पथ निर्माण विभाग को सौंपते हुए एवं सड़क की चौड़ाई बढ़ाते हुए, इसे मरम्मत कराकर सुचारू रूप से आवागमन चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## दंडात्मक कार्रवाई

*3 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि ग्रामीण कार्य प्रमंडल, बेनीपट्टी, मधुबनी जिला के अंतर्गत नागदाह-बलाइन ग्राम में मुख्यमंत्री पुलिया के निर्माण में हुई गड़बड़ियों को लेकर विभागीय उच्च स्तरीय जांच समिति से जांच कराई गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि जांच समिति ने अपनी जांच में अनियमितता बरतने, स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप कार्य संपादित नहीं करने एवं नापी पुस्तिका में गलत माफी प्रविष्टि करने के लिए संबंधित कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, एवं कनीय अभियंता को दोषी मानते हुए सभी दोषी कर्मियों पर कार्रवाई की अनुशंसा की थी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्य में दोषी अभियंताओं के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## उर्वरक जांच केंद्र की स्थापना

*4 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **कृषि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में उर्वरक जांच केन्द्र की पर्याप्त संख्या नहीं है, जबकि उर्वरकों की गुणवत्ता की जांच किसानों के हित में अत्यंत आवश्यक है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य का बेगूसराय जिला कृषि की दृष्टि से काफी जागरूक जिला है परन्तु यहां कोई उर्वरक जांच केन्द्र नहीं होने के कारण राज्य के किसानों को उच्च गुणवत्ता की उर्वरक हेतु अनेक प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बेगूसराय जिला में उर्वरक जांच केंद्र शीघ्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

----

## विशेष वित्तीय सहायता पर विचार

*5 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **पशु एवं मत्स्य संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि विक्रमशिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड 'सुधा डेयरी' भागलपुर का कार्य-क्षेत्र भागलपुर, बांका, मुंगेर तथा जमुई है जहां के दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध क्रय-विक्रय No Profit, No Loss के सिद्धांत पर किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि सुधा डेयरी द्वारा हजारों पशुपालकों से दुग्ध-संग्रहण के क्रम में बहुत ज्यादा परिवहनीय खर्च होने के कारण उन्हें दुग्ध मूल्य के बकाये का भुगतान नहीं होने से दुग्ध व्यापार बुरी तरह प्रभावित है और पशुपालक भी हतोत्साहित हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुधा डेयरी भागलपुर को दुग्ध उत्पादक पशुपालकों की आर्थिक क्षति की पूर्ति हेतु विशेष वित्तीय सहायता देने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

----

## पुल-पुलिया का निर्माण

*6 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **पथ निर्माण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय उच्च पथ सं.- 84 आरा-बक्सर पथ में 21-22 छोटे-छोटे पुल-पुलिया बन रहे हैं जिनका निर्माण कार्य बंद है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक पुल-पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है?

----

## सडक का निर्माण

*7 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **ग्रामीण विकास** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिले के श्री शिवपूजन शास्त्री उच्च माध्यमिक +2 विद्यालय, नरवर-भागीरथा, रोहतास में विद्यालय के भीतर एवं मुख्य पथ से विद्यालय तक आने-जाने के लिए सड़क का निर्माण आज तक नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को काफी परेशानी होती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार शीघ्र उक्त विद्यालय के भीतर एवं मुख्य पथ से विद्यालय तक सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## सडक निर्माण

*8 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **ग्रामीण कार्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि आजादी के 75 साल बीतने के बावजूद पटना जिले के संपतचक अंचल के ग्राम कामताचक महादलित टोला (मुसहरी) में रहने वाले लोग कच्ची सड़क से आने जाने के लिए मजबूर हैं;

(ख) क्या यह सही है कि जे.पी. राय कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा खंड 'क' में वर्णित सड़क के निर्माण के लिए अपने उच्चाधिकारी को प्रतिवेदन एक साल पूर्व ही भेज दिया गया है, किन्तु आज तक प्राक्कलन का निर्माण नहीं किया जा सका है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित सड़क के प्राक्कलन का निर्माण कराकर कबतक सड़क बनवाना चाहती है?

----